जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

प्रेषक : डॉ. बी.एस. द्विवेदी
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी

क्रमांक 87
दिनांक 25.07.2024

जनेकृविवि के कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा का फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग में भ्रमण

जबलपुर 25 जुलाई, 2024। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय स्थित फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीयिरिंग विभाग के कृषि यंत्र प्रशिक्षण, प्रदर्शन केन्द्र एवं विभिन्न अति आधुनिक अभियांत्रिकी प्रयोगशाला का कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने भ्रमण किया। इस दौरान अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय एवं विभाग प्रमुख डॉ. अतुल श्रीवास्तव ने कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा को आधुनिक प्रयोगशाला का भ्रमण कराया एवं कृषि यंत्रो के संचालन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इस दौरान कुलपति डॉ. मिश्रा ने इस योजना अंतर्गत निर्मित 11 अति आधुनिक प्रयोगशालाओं का अवलोकन करते हुये इनमें चल रहे शिक्षण, कृषि यंत्र निर्माताओं हेतु परीक्षण एवं कृषकों हेतु चल रहे प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन के विभिन्न कार्यो की समीक्षा कर सराहना की और उचित दिशा–निर्देश प्रदान किये। दरअसल इन प्रयोगशालाओं का उपयोग अनुसंधान में करते हुये इस विभाग द्वारा विभिन्न कृषि यंत्र विकसित किये गये है।

इस अवसर पर अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. शैलेन्द्र पांडे,संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी.के. कौतु, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. आर.एस. शुक्ला, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा, कुलसचिव श्री आर.एस. सिसोदिया, डॉ. मोहन सिंह, डॉ. आर.एन.श्रीवास्तव, डॉ. अजय गुप्ता सहित प्राध्यापक, वैज्ञानिक उपस्थित रहे।